कार्यालय, प्राचार्य स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली
जिला–महासमुंद (छ.ग.)
WebSite- www.govtcollegesaraipali.ac.in E-Mail- govtcollegesaraipali1971@gmail.com
Phone (Office) - 07725226368 Mobile No- 76940-73733

सरायपाली, दिनांक 27/09/2025

## – प्रतिवेदन –

कार्यक्रम का नाम – शैक्षणिक भ्रमण
संयोजक विभाग – रसायनशास्त्र
कार्यक्रम का उद्देश्य – M.sc I & III sem रसायनशास्त्र के विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक संस्था से अन्यत्र संस्था या जगह पर वहाँ के भौगोलिक संरचना, संसाधनों ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत कराना है।

कार्यक्रम का सारांश – आज दिनांक 27/09/2025 को एम. एससी I & III सेमेस्टर रसायनशास्त्र के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में, विभागाध्यक्ष श्रीमती ~~[illegible]~~ शब्या पटेल के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षयकुमार साहू और पीताम्बर बाघ के नेतृत्व में ओडिसा के बरगढ़ साइंस सेंटर एवं बराबाखरा जलप्रपात का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर में इंटरएक्टिव माडल, फ्लोटिंग बॉल स्लेप की 3 डी शो मिरर हाउस कार्यशाला, वैज्ञानिक माडल एवं विज्ञान से संबंधित उपकरणों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात जैव विविधता, प्राकृतिक सौन्दर्य और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण अभिमान स्थित बरा पहाड़ पर्वत श्रृंखला पर बसे प्रसिद्ध बराबाखरा जलप्रपात का अवलोकन किये। विद्यार्थी उस शैक्षणिक भ्रमण से उत्साह एवं उमंग से भर गए।

उपस्थित छात्र/छात्रों का नाम

(i) Kishan Yadav Msc III[rd] sem. Kishan
(ii) ~~Pri~~yanka Msc III sem priyanka
(iii) Priyanka Barik MSC I sem Barik
(iv) chandrika sagar Msc I sem. chandrika
(v) Sneha sand msc I sem Ssand
(vi) Jamuna Rang msc I sem Rang
(vii) Briti Jagdhan Msc I sem Briti

PRINCIPAL

से ही शिक्षकों में चुनावी माहौल देखते ही

गण उपस्थित रहे।

जीवन में साफ-सफाई का महत्व बताया गया। शिक्षिकाओं ने गीतों, कविताओं और

टेसू, मानसी आदि शिक्षकों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विद्यार्थियों ने किया साइंस सेंटर का अवलोकन



नवभारत संवाददाता । सरायपाली।

स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के एमएससी रसायन शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन, विभागाध्यक्ष शब्या पटेल के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू और पीतांबर बाघ के नेतृत्व में ओडिशा के बरगढ़ जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने बरगढ़ साइंस सेंटर एवं बराबाखरा जलप्रपात का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से 21 जनवरी 2020 को बरगढ़ में साइंस सेंटर की स्थापना की गई थी। यहां बच्चों और युवाओं को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिलता है।

भ्रमण के दौरान केंद्र के मैनेजर गोपीनाथ प्रधान ने विद्यार्थियों को इंटरएक्टिव मॉडल, फ्लोटिंग बॉल, क्लैप ट्री, 3 डी शो, मिरर हाउस, कार्यशालाएं, तारामंडल, वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगात्मक उपकरण एवं प्रदर्शनी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया।

यह केंद्र आम नागरिकों के लिए भी विज्ञान को जीवन से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बाद विद्यार्थियों ने अंबाभाना स्थित बरा पहाड़ पर्वत श्रृंखला पर बसे प्रसिद्ध बराबाखरा जलप्रपात का अवलोकन किया। यह स्थल स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली स्मृतियों से भी जुड़ा है। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेंद्र साई ने अंग्रेजों के खिलाफ अपने संघर्ष के दौरान इस क्षेत्र को शरणस्थली एवं गढ़ बनाया था। जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण इस स्थल ने विद्यार्थियों को उत्साहित एवं प्रेरित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ भोई और महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

विभागाध्यक्ष
(रसायनशास्त्र)

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

# कॉलेज के छात्रों ने साइंस सेंटर और जलप्रपात का किया भ्रमण



सरायपाली @ पत्रिका. स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के एमएससी रसायन शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन, शब्या पटेल के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू और पीतांबर बाघ के नेतृत्व में ओडिशा राज्य के बरगढ़ जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने बरगढ़ साइंस सेंटर एवं बराबाखरा जलप्रपात का अवलोकन किया। बता दें कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से 21 जनवरी 2020 को बरगढ़ साइंस सेंटर की स्थापना की गई थी। यहां बच्चों और युवाओं को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिलता है। भ्रमण के दौरान केंद्र के मैनेजर गोपीनाथ प्रधान ने विद्यार्थियों को इंटरएक्टिव मॉडल, फ्लोटिंग बॉलए क्लैप ट्री, 3 डी शो, मिरर हाउस, कार्यशालाएं, तारामंडल, वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगात्मक उपकरण एवं प्रदर्शनी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने न केवल सैद्धांतिक बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। यह केंद्र आम नागरिकों के लिए भी विज्ञान को जीवन से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों ने अंबाभाना स्थित बरा पहाड़ पर्वत श्रृंखला पर बसे बराबाखरा जलप्रपात का अवलोकन किया। प्राकृतिक सुंदरता, झरने की ध्वनि और शांत वातावरण ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह स्थल स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली स्मृतियों से भी जुड़ा है। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेंद्र साई ने अंग्रेजों के खिलाफ अपने संघर्ष के दौरान इस क्षेत्र को शरणस्थली एवं गढ़ बनाया था।

विभागाध्यक्ष
(रसायनशास्त्र)

Scanned with OKEN Scanner

Principal
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G)